/font>

Title: Need to set up a Bench of High Court at Aligarh, Uttar Pradesh - Laid.

श्रीमती शीला गौतम (अलीगढ़): अध्यक्ष महोदय, विगत कई वर्ों से पश्चिमी उ0प्र0 में माननीय उच्च न्यायालय की खण्ड पीठ की स्थापना को लेकर सम्पूर्ण पश्चिमी उ0प्र0 में अधिवक्तागणों का आन्दोलन चल रहा है, जिसमें आम नागरिक का सहयोग भी सराहनीय है। अधिवक्ताओं द्वारा लगातार आन्दोलन से आम जनता काफी परेशान है और वादियों को न्याय भी नहीं मिल पा रहा है। उक्त के साथ-साथ समय-समय पर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर तो प्रभाव पड़ ही रहा है, इसके साथ ही गरीब विचाराधीन कैदियों से, कोर्ट (न्यायालय) न खुलने के कारण तथा काम न होने के कारण जेलों की प्रशासकीय व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गयी है।

अलीगढ़ नगर की भौगोलिक परिस्थिति जैसे पश्चिम प्रदेश के मध्य में स्थित होना, बड़ी रेलवे लाइन, सेन्ट्रल छोटी लाइन यहां पर है। अलीगढ़ दीवानी परिसर में उच्च न्यायालय के मानक व गरिमा के अनुरूप भवन पहले से ही उपलब्ध हैं।

अतः कृपया पश्चिमी उ0प्र0 अलीगढ़ में माननीय उच्च न्यायालय की खण्डपीठ की स्थापना की जाये।